राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>राजभवन, पटना–800022</u>

संख्या–03/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब जाकर मत्था टेका

पटना 06 जनवरी, 2025 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने सिख धर्म के 10वें गुरू एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाश पर्व के अवसर पर तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब जाकर मत्था टेका। उन्होंने गुरूद्वारा बाललीला मैणी संगत जाकर भी मत्था टेका। गुरूद्वारा श्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमिटी के सदस्यों ने राज्यपाल को तलवार, अंगवस्त्र, सरोपा एवं प्रतीक चिह्न भेंट किया।

इस अवसर पर बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष, श्री नंद किशोर यादव, गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटी, पटना साहिब के पदाधिकारीगण, सिख संगत एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

....